भा. कृ. अनु. प., भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान,
अनुसंधान केन्द्र, कोटा – 324002 (राजस्थान)

ठेकेदार/वेब साईट हेतु विस्तृत विवरण

खुली नीलामी (सील बन्द लिफाफे के द्वारा) की शर्ते ::

भाकृअनुप–भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, अनुसंधान, केन्द्र, कोटा जो कि डडवाडा कोटा जंक्शन पर स्थित है में चीकू–97, बेल–210 एवं आम–06 के वृक्षों के फलों के लिए खुली नीलामी (Open Auction) (सील बन्द लिफाफे में) आंमत्रित की जाती है। जिसकी अन्तिम तारीख **31.03.2023** है।

1. बोली राशि सील बन्द लिफाफे के द्वारा सील बन्द लिफाफे दिंनाक 31-03-2023 को 3.00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेगें । केन्द्र पर प्राप्त होने की अन्तिम तिथि **31-03-2023** है। इच्छुक ठेकेदार वृक्षो के क्षेत्र का निरीक्षण छुटटी के दिनों को छोडकर प्रातः 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक पूर्व अनुमति लेकर कर सकते है तथा बोली के लिफाफे खोलने वाले दिन उपस्थित रह सकते है।

2. नीलामी का कार्य केन्द्राध्यक्ष, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, अनुसंधान केन्द्र, कोटा द्वारा मनोनीत समिति के अधिकारी सम्पन्न करायेगे। उनका अधिकार होगा कि यदि बोली बोलने वालो से प्राप्त सील बंद लिफाफो की संख्या 03 से कम होगी तो नीलामी अन्य किसी कार्य दिवस में की जायेगी ।

3.. नीलामी का प्रस्ताव सील बंद लिफाफे में प्रस्तुत करने वाले को सर्वप्रथम रू. 10,000/–पजीकरण राशि/ अमानत राशि के रूप में डिमान्ड ड्राफट/चैक जो कि OIC,CSWCRTI, KOTA के पक्ष में हो जमा करवाने होगें इसके पश्चात् ही उनके प्रस्ताव को नीलामी में शामिल किया जायेगा । लिफाफो को खोलने एवं अनुमोदन के पश्चात् अधिकतम बोली दाता को कुल राशि का आधा भाग कार्यालय में 07 दिन के अन्दर जमा करवाना होगा व शेष राशि दिंनाक 16.04..2023 तक कार्यालय में जमा करवानी होगी । राशि जमा नही करवाने पर बोली को निरस्त करते हुए अमानत राशि को जब्त कर लिया जावेगा ।

4. एक अमानत राशि के लिये डिमांड ड्राफट के साथ केवल एक ही बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने की अनुमति होगी ।

5. सील बन्द लिफाफे के द्वारा नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता माना जायेगा तथा नीलामी उनके पक्ष में की जायेगी ।

6. असफल बोलीदाता को ई.एम.डी/अमानत राशि का डिमान्ड ड्राफट वापस कर दिया जायेगा ।

7. सक्षम अधिकारी द्वारा आंवला फलो की न्यूनतम आरक्षित मूल्य राशि निश्चित की गई है जिसे बंद लिफाफे में सुरक्षित रखा गया है और आरक्षित राशि से अधिक राशि ही बोली ही मान्य होगी

8. सफल बोलीदाता को 15 दिन पश्चात् कार्यालय में शेष राशि को जमा करवाना होगा। अमानत राशि को नीलामी राशि में समायोजित किया जा सकता है।

......2.

10. वृक्षो के फलो को कार्यालय समयावधि में ही सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी की देख रेख में ले जाना होगा । बगीचे में सिंचाई एवं सफाई करने का जिम्मा ठेकेदार का होगा। हांलाकि पानी केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा । परन्तु किसी तकनीकी खराबी के कारण पानी उपलब्ध करवाने में हुई देरी के लिये केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा ।

11. चौकीदारी की व्यवस्था स्वयं ठेंकेदार को करनी होगी । उद्यान एवं केन्द्र परिसर में किसी तरह का नुकसान ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधि द्वारा पहुंचाने पर स्वयं ठेकेदार जिम्मेदार होगा । किसी भी अनहोनी घटना के लिये केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा ।

12. पौध संरक्षण एवं अन्य जरूरी शस्य क्रियाएं केन्द्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं मान दण्डो के अनुसार ही की जावेगी । इसके लिये ठेकेदार द्वारा बताए कार्यो के प्रति केन्द्र बाध्य नही होगा ।

13. किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने पर केन्द्राध्यक्ष का निर्णय अन्तिम एवं सर्व मान्य होगा । केन्द्राध्यक्ष को किसी भी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने अथवा सम्पूर्ण नीलामी प्रक्रिया को किसी भी अवस्था में बिना कारण बताये रदद् करने का संपूर्ण अधिकार है ।

14. सफल बोलीदाता जी. एस.टी / ,पैन नम्बर / बैंक खता / आधार नम्बर की छाया प्रति संलग्न करे, यदि हो।

15. पूर्व में किसी भी सरकारी कार्यालय में बोली लगाने वाले रजिस्टर्ड ठेकेदार ही इस केन्द्र पर बोली लगा सकेगें ।

16. खुली नीलामी के संबंध में दिंनाक 29.03.2023 को केन्द्र के व्याख्यान कक्ष में सांय 3.00 बजे रखी गई बैठक में ठेकेदार सम्मिलित हो सकते है।

17. नीलामी 60 दिन की अवधि के लिये मान्य रहेगी ।

18. नीलामी से संबंधित समस्त जानकारी वेबसाईटः www.cswcrtiweb.org पर देखी / प्राप्त की जा सकती है। अन्य शर्ते मौके पर सुना दी जायेगी ।

10/03/23

केन्द्राध्यक्ष

भा. कृ. अनु. प., भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान,
अनुसंधान केन्द्र, डडवाड़ा, कोटा – 324002 (राजस्थान)

क्रमांकः–1(45)/SOFP-02/2021-22/S&P/ दिंनाक 10.3.2023

:: खुली नीलामी(सील बन्द लिफाफे द्वारा)

इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस केन्द्र के अनुसंधान फार्म में दिंनाक **31.3.2023** को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्रक्षेत्र में स्थित चीकू–97, बेल–210 एवं आम–06 फलो की खुली नीलामी **(Open Auction)** प्राप्त होने वाले सील बन्द लिफाफे में अंकित राशि के अनुसार किया जाना प्रस्तावित है। सभी फलो की नीलामी एक मुश्त की जावेगी। जिसके लिये रू..10,000/–(पजीकरण राशि) का डिमान्ड ड्राफट OIC,CSWCRTI, KOTA के नाम से बोली में हिस्सा लेने की तिथि से पूर्व जमा कराना होगा। निविदा से सम्बन्धित सभी प्रकार की जानकारी वेबसाईट www. cswcrtiweb.org पर से प्राप्त की जा सकती है अथवा केन्द्र से भी ली जा सकती है।

केन्द्राध्यक्ष